हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026



## खबर संक्षेप

### जयंती महोत्सव पर शहर में निकलेगी बाइक रैली

**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव बौद्ध समाज द्वारा अंबेडकर जयंती के पूर्व विशाल बाइक रैली निकली जाएगी। समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया कि बाइक रैली का शुभारंभ अंबेडकर चौक से प्रारंभ किया जाएगा। यह मोटर साइकिल रैली ममता नगर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, शंकरपुर, शांतिनगर, नया ढाबा, चिखली, स्टेशनपर, गौरीनगर, पुराना बस स्टैंड, मठपारा, लखोली, संजय नगर, पुराना गंज चौक, भरकापारा, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, गुडाखू लाइन, भगत सिंह चौक, इमाम चौक, मानव मंदिर चौक, इंदिरा नगर, बसंतपुर होते हुए अंबेडकर भवन सिविल लाइन में समापन होगा। विनोद श्रीरंगे ने बताया इस बाइक रैली का विभिन्न वार्डों में स्वागत एवं और नाश्ता की व्यवस्था किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बाइक रैली का सुचारू रूप संचालन के लिए समाज के युवाओं की एक टीम बनाई गई है। समाज के सभी साथी के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया गया है। रैली के समापन में समाज द्वारा मैत्री भोज का आयोजन किया गया है। श्री श्रीरंगे ने संस्कारधानी वासियों नागरिकों को इस रैली में अधिक अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### माए एंगल




# बदला मौसम: 40 पर पहुंचा तापमान, चार दिन बाद हीट-वेव के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले हफ्ते मौसम में आए बदलाव के चलते बेमौसम बारिश देखने को मिली थी। जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिली थी, परंतु अब फिर से सूर्य की तपिश तेज होने लगी है। जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जा पहुंचा है। वहीं चार दिन बाद इसके 45 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। जिसके चलते अंचल में हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है।

इधर अंचल के मौसम को लेकर विभाग का कहना है कि एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। उत्तर पश्चिम से शुष्क और गर्म हवा आने के कारण प्रदेश में लगातार अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

राजनांदगांव जिला 40 डिग्री तापमान के साथ ही प्रदेश में सबसे गर्म बना हुआ है। दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर जैसे शहरों में भी अधिकतम तापमान राजनांदगांव से 2 से 3 डिग्री तक कम है। वहीं न्यूनतम तापमान भी जिले का 24 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते दिन के साथ ही रात भी गर्म हो गई है। बहरहाल तापमान के लगातार बढ़ने के साथ ही दोपहर में लू भरी हवाओं का दौर भी शुरू हो गया है। तेज धूप और लू भरी हवाओं के चलने से लोग हलाकान हो रहे है।

## रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग से ज्यादा गर्म राजनांदगांव जिला

### एसी, कूलर की बढ़ी डिमांड

एक ओर जहां अंचल में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। वहीं दूसरी ओर गर्मी से बचने के लिए एसी, कूलर और फ्रिज की डिमांड में तेजी आ गई है। इलक्ट्रॉनिक्स दुकान के संचालकों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों से एसी और कूलर की बुकिंग में तेजी देखने को मिली है। लोग अपने घर के अलावा दुकान व दफ्तर के लिए खरीदी करने पहुंच रहे हैं।



### 16 से हीट-वे के आसार

प्रदेश में कल 13 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य भाग में 15 अप्रैल के बाद से ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। बताया गया कि अंचल का अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है।

## राशन दुकानों से वापस लौट रहे उपभोक्ता, पनप रहा आक्रोश

# तीन की बजाय सिर्फ एक माह का मिल रहा चावल, दुकानों से शक्कर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को भले ही एक साथ तीन माह का राशन एकमुश्त देने के निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अविभाजित जिले में नान के गोदामों के खाली होने के कारण सिर्फ अप्रैल माह का राशन ही दिया जा रहा है। चावल संकट के साथ-साथ दुकानों में शक्कर भी नहीं होने से उपभोक्ताओं को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राशन दुकान पहुंचे उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले भी दो माह का एकमुश्त देने के आदेश जारी हुए थे, लेकिन यह भी जमीन पर कहीं दिखाई नहीं दिया।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य शासन ने हाल ही में एक आदेश जारी कर पीडीएस के उपभोक्ताओं को अप्रैल, मई और जून माह का राशन एकमुश्त देने कहा है। खाद्य महकमे ने इसकी तैयारियां भी शुरू की है, लेकिन अविभाजित जिले में स्थित नान के गोदाम में पर्याप्त चावल नहीं होने के कारण शासन के इस आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है। राजनांदगांव जिले में करीब 20 फीसदी चावल की कमी है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में करीब चालीस फीसदी चावल ही होने के कारण यहां राशन दुकानों से उपभोक्ताओं को वापस लौटना पड़ रहा है। यही हाल मोहला-मानपुर-चौकी जिले का है, जहां राशन दुकानों में अभी तक पर्याप्त चावल की सप्लाई नहीं हो सकी है। सूत्रों ने बताया कि राशन दुकानों में शक्कर भी नहीं दी जा रही है। पर्याप्त सप्लाई नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को शक्कर भी नहीं मिल पा रही है।

### खास बातें

- चावल उत्सव पर गहराया संकट
- अविभाजित जिले के नान के गोदामों में चावल का स्टाक नहीं
- राईस मिलर्स नहीं दिखा रहे हैं रूचि



### धीमी मिलिंग के कारण बढ़ी दिक्कतें

अविभाजित राजनांदगांव जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेशभर में यही हालात निर्मित है। राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल की सप्लाई बेहद धीमी गति से किए जाने के कारण शासन की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। अविभाजित जिले के मिलर्स ने खरीदी केंद्रों से चावल का उठाव भले ही कर लिया है, लेकिन चावल जमा करने में वे कंजूसी दिखा रहे हैं। यही कारण है कि ऐसी दिक्कतें निर्मित हो गई है।

### राशन दुकानों में जल्द मिलेगा दो-दो लीटर कैरोसीन

रसोई गैस और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच शासन ने एक बार फिर कैरोसीन की सप्लाई बढ़ाने की तैयारी की है। केंद्र के आदेश के बाद राज्य शासन ने इसे लेकर सभी जिलों में सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। जिले में भी इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सबसे पहले शहरी क्षेत्रों की राशन दुकानों में कैरोसीन उपलब्ध कराने की तैयारी है। हर राशन कार्ड में दो लीटर मिट्टी का तेल यानी कैरोसीन दिया जाना है। इसके लिए राशन दुकानों से डिमांड मांगा जा रहा है। डिमांड के अनुरूप ही सप्लाई की जाएगी। शासन ने इस बार प्रति लीटर के हिसाब से कैरोसीन की कीमत करीब 63.50 रुपए निर्धारित की है। इस दर पर ही कैरोसीन उपलब्ध कराया जाएगा। दुकानों में स्टॉक बोर्ड में प्रतिदिन के स्टॉक की एंट्री दर्शानी होगी। हितग्राहियों को कैरोसीन वितरण के बाद रजिस्टर में उनकी एंट्री और हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा गया है।

# स्कूल में पुस्तक निकालने में देरी पर छात्र की बेदम पिटाई, शिक्षिका गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल में पढ़ाई के दौरान एक छात्र से मारपीट करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी शिक्षिका को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी सुधाकर सहारे 49 वर्ष निवासी मिसीया बाड़ा डोंगरगढ़ द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उनका पुत्र कक्षा 7वीं का छात्र 2 जुलाई 2025 को अपने स्कूल खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ गया था। क्लास के दौरान क्लास टीचर नम्रता साहू द्वारा सभी छात्रों को एसएसटी की पुस्तक निकालने कहा गया। पुस्तक निकालने में थोड़ी देर होने पर शिक्षिका नाराज हो गई और इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह को शिकायत की। इसके बाद दोनों शिक्षिकाएं कक्षा में आई, जहां इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह द्वारा छात्र के दोनों कानों पर हाथ से मारपीट की गई। जिससे छात्र के दोनों कानों को गंभीर क्षति पहुंची और उसकी सुनने की शक्ति स्थायी रूप से खत्म हो गई। रिपोर्ट पर धारा 117(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर धारा 117(3) बीएनएस जोड़ी गई।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में प्रकरण की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन किया गया। साक्ष्य के आधार पर आरोपी इंचार्ज शिक्षिका प्रियंका सिंह को 11 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में क्लास टीचर नम्रता साहू फरार है। जिसकी पतासाजी की जा रही है।

# पुलिस कॉम्बिंग गश्त से बदमाशों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने बीती रात शहर के कई स्थानों पर कॉम्बिंग गश्त किया। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई। वहीं देर रात तक घूमने वालों को समझाईश दी गई। पुलिस की इस गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में 11 अप्रैल को रात्रि 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक जिला पुलिस द्वारा शहर क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में 5 राजपत्रित अधिकारियों के अंतर्गत 9 निरीक्षक तथा कुल 165 पुलिस बल की 4 विशेष टीम गठित कर विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन चेकिंग एवं तस्दीक की कार्रवाई की गई।



### चिन्हित व्यक्तियों के निवास पर पहुंची पुलिस

कॉम्बिंग गश्त के दौरान शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, माफी बदमाश, स्थायी वारंटियों एवं किशोर पंजी में दर्ज ऐसे किशोरों की सघन चेकिंग की गई, जो अपराध प्रवृत्ति के हैं अथवा जिन पर अपराध में संलिप्त होने का संदेह है। सभी चिन्हित व्यक्तियों के निवास स्थानों पर पहुंचकर तस्दीक की गई तथा उन्हें कड़ी समझाइश दी गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। साथ ही उन्हें समय पर घर में उपस्थित रहने, अनावश्यक रूप से बाहर न घूमने एवं शराब सेवन कर किसी भी प्रकार का विवाद व झगड़ा न करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### गुंडा-बदमाशों की सघन जांच

यह विशेष कॉम्बिंग गश्त थाना कोतवाली, थाना बसंतपुर, चौकी चिखली एवं थाना लालबाग के विभिन्न क्षेत्रों में की गई। थाना बसंतपुर क्षेत्र अंतर्गत कुंआ चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, क्लब चौक, बसंतपुर, शिवनगर एवं बंगाली चॉल क्षेत्र में दबिश देते कुल 25 गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश एवं अन्य असामाजिक तत्वों की सघन चेकिंग की गई। चौकी चिखली क्षेत्र के सोलहखोली, नवागांव, बापूटोला, स्टेशनपारा, गौरीनगर, मोतीपुर आदि क्षेत्रों में भी कुल 20 असामाजिक तत्वों की व्यापक जांच एवं तस्दीक की कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखोली एवं अन्य क्षेत्र में कुल 14 गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं माफी बदमाशों की चेकिंग की गई। थाना लालबाग क्षेत्र अंतर्गत पेंड्री, रेवाडीह, फरहद चौक आदि क्षेत्रों में भी कॉम्बिंग गश्त कर कुल 15 असामाजिक तत्वों की तस्दीक की कार्रवाई कर असमाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहारा नाला के पास संचालित हाईटेक ऑनलाइन सट्टा रैकेट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। मामले में एक अन्य फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम द्वारा 6 अप्रैल को आईपीएल क्रिकेट सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हाईटेक सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था।



### पूर्व में पांच पर हो चुकी कार्रवाई

इस दौरान आरोपी वीरू प्रजापति, रूपेश पांडे, आयुष मेश्राम, मोहित देवांगन एवं लक्की देवांगन उर्फ नरेन्द्र देवांगन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, चार्जर, नगदी रकम एवं सट्टा-पट्टी सहित लगभग 5,50,000 रुपए मूल्य की सामग्री जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

### फरार आरोपी पकड़ाया, एक अन्य की तलाश

उक्त प्रकरण में अन्य आरोपी मूलचंद प्रजापति निवासी मोहारा एवं सादिक खान निवासी नागपुर महाराष्ट्र फरार चल रहे थे। फरार आरोपी मूलचंद प्रजापति की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर मूलचंद प्रजापति को गिरफ्तार किया गया तथा उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण के फरार आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उप निरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, रूपेन्द्र वर्मा एवं राजेश बंदेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

# घटिया सप्लाई के मामले ने पकड़ा तूल शासन ने वापस लौटाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सत्र 2024-25 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को यूनिफॉर्म के रूप में दिए जाने वाले साड़ी की गुणवत्ता को लेकर कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सवाल उठाया था। इसके बाद साड़ी की घटिया क्वालिटी को देखते हुए संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को गुणवत्ताहीन साड़ियां वापस लेने आदेश जारी किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को गुणवत्ताहीन साड़ियों के वितरण मामले में खादी ग्राम उद्योग को गुणवत्तापूर्ण साड़ी सप्लाई करने आदेश जारी हुआ है। इससे पहले खादी ग्राम उद्योग के माध्यम से ही महिलाओं को निम्न स्तर की साड़ी सप्लाई हुई थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि बीते दिसंबर माह में उन्हें यह साड़ी मिली थी। इसके बाद इस साड़ी की घटिया क्वालिटी को देखते हुए उन्होंने इसका उपयोग नहीं किया था और विभाग से भी शिकायत की थी।

### लंबाई में छोटी और रंग निकलने की समस्या

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि अमूमन साड़ी लगभग 6 साढ़े छह मीटर होती है, लेकिन यह साड़ी लगभग 5 मीटर की है और पानी में डालने पर इसका रंग भी निकल जा रहा है। वहीं साड़ी की बुनाई भी ठीक तरीके से नहीं हुई है। महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से इसी तरह घटिया साड़ी सप्लाई हो रही है, जो पहनने योग्य नहीं होती है। बताया जा रहा है कि घटिया साड़ी सप्लाई की शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते संचालनालय स्तर पर गठित समिति की ओर से जांच की गई। जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को निर्देशित किया गया है कि ऐसी सभी त्रुटिपूर्ण साड़ियों को बदलकर मानक अनुसार नई साड़ियों की सप्लाई की जाए।

### सप्लायर पर कार्रवाई की मांग

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कई बार अपने धरना प्रदर्शन में अमानक साड़ी वितरण का मामला भी उठाया है। वहीं उन्होंने साड़ी के जगह यूनिफार्म के लिए राशि देने मांगती है। इसके बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को निम्न स्तर की साड़ी सप्लाई की जा रही है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को घटिया साड़ी की सप्लाई कर दी गई और अब इसे वापस लेने आदेश जारी हुआ है, लेकिन इसमें सप्लायर को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटिया साड़ी सप्लाई करने वाले पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## विदेश में पार्सल भेजना हुआ आसान, कई डाकघरों में सेवा उपलब्ध

# रजिस्ट्री पोस्ट सेवा के बंद होने के बाद डाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवा लांच, ट्रैकिंग की भी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय डाक विभाग द्वारा विदेशों में रह रहे भारतीय प्रवासी नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते संभाग अंतर्गत आने वाले प्रधान डाकघर एवं उप डाकघरों में अंतर्राष्ट्रीय पार्सल सेवा का शुभारंभ किया है। जिससे विदेश में पार्सल भेजना आसान व किफायती हो रहा है। यह सेवा निजी कूरियर की तुलना में 25 प्रतिशत तक सस्ती है। यह सुविधा राजनांदगांव संभाग के सभी डाकघरों में उपलब्ध कराई गई है।

मोबाइल, व्हाट्सएप और फेसबुक के दौरान चिट्ठियों का चलन कम हो गया है। अब कानूनी दस्तावेज भी ऑनलाइन माध्यम से भेजे जाते हैं। भारतीय डाक विभाग द्वारा 1 सितंबर 2025 से पारंपरिक रजिस्ट्री पोस्ट सेवा भी बंद कर दिया गया है। डाकघर को बैंकिंग के साथ अन्य ग्राहक सुविधा क्षेत्र में बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में डाक विभाग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पार्सल भेजने के लिए जिले के प्रधान डाकघर और उप डाकघरों में सुविधा शुरू की गई है।




### ऑनलाइन दिखेगा गंतव्य

डाकघरों में पार्सल बुकिंग हेतु नागरिक अपना पार्सल और प्राप्तकर्ता का पूर्ण एवं सही पता तथा वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर पार्सल का वजन एवं निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रैकिंग रसीद प्राप्त कर सकते हैं। ट्रैकिंग रसीद के माध्यम इंडिया पोस्ट की वेबसाइट से पार्सल की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकती है।

### भारी पार्सल के लिए पिकअप सुविधा

संभागीय डाक अधीक्षक महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस योजना अंतर्गत ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा प्रदान की गई है और भारी पार्सल के लिए फ्री पिकअप की सुविधा भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के माध्यम से नागरिक अपने पार्सल, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री को विश्व के विभिन्न देशों में सुरक्षित, सरल एवं व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### केशोखैरी में शेड निर्माण का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत टिपानगढ़ के आश्रित ग्राम केशोखैरी में शीतला मंदिर में शेड निर्माण का भूमिपूजन विधायक भोलाराम साहू ने किया। विधायक साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का आत्मीय स्वागत करते हुए अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया। कार्यक्रम में राजकुमार सिन्हा, प्रतापसिंह घावड़े, महेश मंडावी, रजभान मंडावी, थोपेन सिंह, जीवनलाल, सतेन्द्र तारमे, धनकुमार देशपांडे, तोरण लाल, शकुंतला उइके, मालवी देशपांडे, राजकुमार सलामे, रुस्तम सिंह आदि उपस्थित थे।



### आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाल पेंटिंग

**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन पहल के तहत संचालित होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने 15 गांवों की आंगनबाड़ियों में बच्चों के विकास हेतु महत्वपूर्ण पहल की है।चयनित गांव के एक- एक आंगनबाड़ी केन्द्र में वाल पेंटिंग कराया गया ताकि बच्चों के लिए सीखने का वातावरण बन सके। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सामग्री का वितरण किया गया है। यह पहल परियोजना प्रबंधक भैया सिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू तथा सोमनाथ चावले ने की है।




### जनपद अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत घोरतलाव और आश्रित ग्राम बागनदी में जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, प्रार्थना शेड, मिडिल स्कूल 10 लाख, प्राथमिक शाला में प्रार्थना शेड के लिए 10 लाख का स्वीकृति दी है। प्रस्तावित कार्य का गत दिनों भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पलनी स्वामी नायडू, ऊभेराम मंडावी, उर्मिला पलनी नायडू, नैनसिंह पटेल, मनभावन सिंह उईके, तोरण दास वैष्णव मौजूद थे।



### सुनील पुनः चुने गए अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** माहेश्वरी सभा की नई कार्यकारिणी का चुनाव सभी सदस्यों की उपस्थिति में शनिवार को सम्पन्न हुआ। सुनील तापड़िया को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष एवं राजेंद्र कोठारी को उपाध्यक्ष, मनीष दरगड़ को सचिव, विकास मूंदड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान मोहन दम्मानी, राजेश दम्मानी, श्रीराम दम्मानी, राधावल्लभ तापड़िया, मनोज दम्मानी, बंसीलाल दरगढ़, गिरिराज तापड़िया, आनंद कोठारी, गोपाल दम्मानी आदि उपस्थित थे।



### पुलिस ने किया अवैध महुआ लाहन नष्ट

**डोंगरगढ़।** अवैध शराब एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में बोरतलाव पुलिस ने कार्यवाही की है। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि रौरकसा डैम के समीप अवैध रूप से महुआ लाहन बड़ी मात्रा में डुबाकर रखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करीब 800 किलोग्राम अवैध महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया।

### जयंती पर हॉस्पिटल में फल वितरण

**डोंगरगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर भाजपा शहर मंडल के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने राजीव नगर बौद्ध विहार में सफाई अभियान चलाया। अभियान में रूपेन इंदुरकर, रोशन लॉउत्रे, अनिल लांजेवार, प्रमोद लाउत्रे, शिवानी साखरे, वामनराव कोटांगले, अनमोल संगोटे, लोकेश इंदुरकर, शैलेश मालेकर, नितीश जंबुलकर, तरुण टेम्बुलकर, अतुल बिरहा, तारेश रावते, राजा साखरे, आदित्य करसे शामिल हुए।




### नशा कर स्कूल जाने की शिकायत

**डोंगरगढ़।** ब्लॉक में 25 से 30 ऐसे शिक्षक हैं जो नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचते हैं। यह शिक्षक स्कूल तो जाते हैं, लेकिन जाने का कोई निश्चित समय नहीं होता। कई बार कक्षाएं प्रभावित होती हैं और छात्रों को बिना पढ़ाई के लौटना पड़ता है। वहीं सहयोगी शिक्षिकाएं और अन्य स्टाफ इन शिक्षकों के व्यवहार से परेशान हैं। जानकारी के अनुसार कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की सूची तक तैयार नहीं है। जून से जनवरी तक की मासिक मूल्यांकन पंजी अब तक भरा नहीं गया है। शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति और आंतरिक मूल्यांकन जैसे जरूरी रिकॉर्ड अधूरे हैं। अभिभावकों का कहना है कि नशे की हालत में शिक्षक केवल स्कूल में बैठने आते हैं।

---

### गांव चलो-बस्ती चलो अभियान का आगाज

# गांव के संस्थापक भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा ने अपने स्थापना दिवस के साथ गांव चलो -बस्ती चलो अभियान शुरू किया है। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा के पदाधिकारी गांव गांव जाकर संस्थापक सदस्यों से मुलाकात करने के साथ उनका सम्मान कर रहे हैं। आयोजन की कड़ी में ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम मनेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला भाजपा के प्रवक्ता रामकुमार गुप्ता ने मनेरी पहुंचकर पार्टी के संस्थापक कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। उन्होंने प्रारंभिक अवस्था की परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा किया।

## सक्रिय हुए भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता

#### अनुभव किया साझा

गांव के वरिष्ठ कार्यकर्ता पालुराम साहू ने बताया कि उस समय कांग्रेसी कहते थे कि तुम दो से चार लोग क्या कर लोगे।देश में कांग्रेस का राज है और रहेगा, लेकिन हम लोग अपनी नीति व रीति पर चलते हुए जनता के हित की लड़ाई लड़ते रहे जिसका ही परिणाम है कि पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है। इस मौके पर भोलाराम चंद्रवंशी, अमरदास साहू ने अपने अनुभव साझा किया।

#### संस्थापक कार्यकर्ताओं का सम्मान

कार्यक्रम में जिला भाजपा प्रवक्ता राम कुमार गुप्ता ने अपने कठिन परिश्रम से पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में योगदान देने वाले पालुराम साहू, घसिया निषाद, अमरदास साहू, भोलाराम चंद्रवंशी, बलि कोठारी, प्रभु साहू, मनराखन निषाद, प्रभु साहू, हंसु साहू, चुनुराम साहू, ईश्वर साहू, चरण साहू का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर जनक साहू, टिमन साहू, झनक साहू, ताराचंद साहू, ओमकार साहू, डोगेन्द्र साहू, नागेश विश्वकर्मा, लेखु मंडावी आदि उपस्थित थे।

#### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

**अर्जुनी।** भाजपा के गांव चलो- बस्ती चलो अभियान के तहत किरगी में आयोजित कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। जन चौपाल लगाकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी विजय जैन, मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, अजय वैष्णव, दिनेश साहू, हमीर साहू, भावेश निक्की, मनीष पटेल, अरविंद जैन, रामखिलावन सोनी, केशवराम साहू, नाथूराम पिस्दा, हिमांशु साहू, इंदरूराम साहू, बिसोहाराम साहू, सोनसाय साहू, दीनुराम पिस्दा, डीहरुराम साहू आदि उपस्थित थे।

---

# नाली नहीं होने से गली में हो रहा गंदा पानी जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत जीराटोला में नाली निर्माण नहीं होने से घरों का गंदा पानी गलियों में जाम हो रहा है। लोग गली में गंदे पानी के बहाव से परेशान हैं। अधिकांश घरों में पानी निकासी का साधन नहीं होने से पानी गली में बहता है। गंदा पानी के जाम होने से कीचड़ हो जाती है जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में संचालित नल जल योजना का मुख्य पाईप लाईन है जिसमें दूषित पानी जाने का डर बना हुआ है। बीते साल इस गांव में पेयजल दूषित होना भी पाया गया था। गली में पानी जाम होने से मच्छर पनपने तथा दुर्गंध फैलने का डर बना हुआ है। ग्राम के केसलाल मंडावी ने बताया कि गली में नाली का निर्माण नहीं होने से पानी भर जाता है। आवाजाही में परेशानी हो रही है। गली में नाली निर्माण प्रस्तावित है। आबंटन मिलने पर शीघ्र नाली का निर्माण किया जाएगा।

### ढारा स्कूल में चंद्रा एवं वैष्णवी प्रथम

**डोंगरगढ़।** ढारा हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने 9 वी एवं 11 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 9 वीं की छात्रा चंद्रा वर्मा पिता संजय वर्मा ने 91.16 प्रतिशत एवं कक्षा 11वीं की वैष्णवी वैष्णव पिता अमित वैष्णव ने 76.81 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गत दिनों शाला विकास समिति के अध्यक्ष रवि यादव, उपसरपंच राजू सिंह राजपूत, भागचंद वर्मा, धुरसिंह धनकर, दीपक ठाकुर एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रभारी प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा 9 वी के आयुष वर्मा पिता लोकेश वर्मा ने 86.05 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, दिशा वर्मा पिता धर्मेंद्र वर्मा ने 86.05 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं की भावना वर्मा पिता दौलत वर्मा ने 71.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय एवं लिलिमा वर्मा पिता महेंद्र वर्मा ने 70.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।





---

# प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉ. हत्थेल ने बुलंद की वंचित समाज की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वृंदावन हॉल रायपुर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. तरुण हत्थेल शामिल हुए।

सम्मेलन में उन्होंने वंचित समाज के अधिकारों, आरक्षण और रोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात रखा। समाज के ज्वलंत मुद्दों पर डॉ. हत्थेल ने कहा अनादि काल से जो समाज वंचित रहा है, उसे आज भी आरक्षण का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों का हवाला देते हुए समाज की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।



#### विभिन्न मांगों को उठाया

सम्मेलन में उन्होंने राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण, घुमंतु समाज के निवास और जाति का रिकॉर्ड जुटाने, रोजगार सृजन डाईंग कैडर घोषित सफाई पदों को पुनः जीवित करने की मांग रखी। सम्मेलन रूपेश बघेल, आकाश बघेल, कंचन बघेल, सुधीर बघेल, दीपम बघेल, पूजा बघेल, सरिता बघेल, सुनीता बघेल, मंजू बघेल, सुनैना बघेल, सनी बघेल, शाहिद मैकियार आदि शामिल हुए।

---

# ठगी के शिकार परिवार से मिले कांग्रेसी

## 37 लाख की ठगी, अब तक पुलिस कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर के आशुतोष उपाध्याय पिता विष्णु उपाध्याय के साथ शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर लगभग 37 लाख की ठगी का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार आशुतोष ने मुनाफा होने की उम्मीद में निवेश किया था, किन्तु उनकी पूरी राशि डूब गई। घटना के 3-4 दिन बाद आशुतोष ने इस आशय की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी के अनुसार आशुतोष एक आईटी कंपनी में कार्यरत हैं और उन्होंने स्वयं की कमाई को निवेश किया था। इस मामले की शिकायत आशुतोष के भाई शशांक उपाध्याय ने पुलिस में की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रघुवर प्रसाद अग्रवाल ने शहर कांग्रेस समिति के पदाधिकारियों के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान धीरज मेश्राम, जितेंद्र सिंह भाटिया, शिशुपाल भारती, मतीन खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी और वेदांश ताम्रकार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो ज्ञापन सौंपने के बाद आंदोलन किया जाएगा।



---

### तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 से 24 तक

# गंगई मंदिर के शिखर पर होगा कलशारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर की अधिष्ठात्री मां गंगई का मंदिर अब अपने नए स्वरूप में नजर आएगा। मंदिर के जीर्णोद्धार बाद नवनिर्मित शिखर पर कलश स्थापना और नवनिर्मित हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव आगामी 22 अप्रैल से आयोजित किया गया है। इस वृहद धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न हुई।

गौरतलब है कि बीते कुछ महीनों से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था। मंदिर के पुराने कमरों को हटाकर नया निर्माण किया गया है। मंदिर के शिखर को विशेष पत्थरों से बेहद आकर्षक बनाया गया है, जिसकी भव्यता अब दूर से ही नजर आती है। इसी पत्थर से भगवान हनुमान की अत्यंत सुंदर प्रतिमा का निर्माण भी कराया गया है, जिसकी स्थापना इस महोत्सव के दौरान की जाएगी। बैठक में अश्वनी ताम्रकार, पीसी लाल यादव, ज्ञानचंद जैन, रणजीत चंदेल, कृष्णा देवांगन, साकेत दुबे, राकेश ताम्रकार, द्वारिका यादव, धनराज ताम्रकार, मंतराम देवांगन, भूषण मनी झा, राजू अग्रवाल, दामोदर झा, जित्तू अग्रवाल, हसन खान, अशोक पटेल, बालक दास, जनक देवांगन, त्रिलोक कर्नावट, राकेश जायसवाल, क्रांति ताम्रकार, शुभम बघेल, जेठूराम साहू, एलडी मानिकपुरी, बिसाहू सिन्हा, राजू जायसवाल, तामेश्वर साहू, अनिल अग्रवाल, जय देवांगन, सुनील अग्रवाल, द्वारिका दुबे, अमित टंडन सहित व्यापारी व समाजसेवी उपस्थित थे।




#### आयोजन की बनी रूपरेखा

आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए रविवार बैठक का आयोजन युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उपस्थित सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। आगामी 22 अप्रैल को पंचांग पूजन एवं गाजे-बाजे के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे नगर का भ्रमण करेगी। 23 अप्रैल को बेमेतरा के सुप्रसिद्ध विद्वान रामप्रताप शास्त्री कोविद के सानिध्य में महायज्ञ का आयोजन होगा। आगामी 24 अप्रैल को महाभिषेक, नवीन शिखर पर कलश स्थापना, हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और पूर्णाहुति होगी। तत्पश्चात विशाल भंडारे में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

---

# वरिष्ठों को नहीं मिल रहा महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधानसभा चुनाव में जीत के बाद निकाय और पंचायतों में मिली शिकस्त को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबुत करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओ को जोड़ने का प्रयास शुरू किया गया है। बूथ कमेटी गठन के लिए मोहल्ले में प्रभारी नियुक्त किए गए है किन्तु गुटबाजी को देखते हुए कांग्रेस वर्तमान कवायद के बाद स्थापित हो पाएगी इस पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। देखने में आ रहा है कि गुटबाजी के चलते वरिष्ठ कांग्रेसी को कमेटी गठन प्रक्रिया से जोड़ना तो दूर उनकी उपस्थिति ही नहीं के बराबर दिखाई दे रही है। वरिष्ठ जनों की पूछ परख भी नहीं किया जा रहा है। बैठक में मन चाहे व्यक्तियों को बुलाकर दिखावा किया जा रहा है। कांग्रेस पदाधिकारी भी बैठक में नजर नहीं आ रहे हैं जिसे देखते हुए कहा जा रहा है कि बैठक में विधायक का भी उपस्थित होना जरूरी है। कार्यकर्ताओ ने बताया कि कुछ लोग ऐसे व्यक्तियों को महत्व दे रहे है जो भाजपा से तालमेल बैठाकर अपना काम निकालने में माहिर है।

---

# समारोह में रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

**डोंगरगढ़।** नगर साहू समाज ने भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम साहू धर्मशाला में पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात कर्मा गिरी पहाड़ी में स्थित मां कर्मा की पूजा की गई। ब्लड डोनेट शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान किया गया। शाम को शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते नया साहू धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अथिति रामजी भारती थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष मदन मोहन साहू ने की। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, हंसराज साहू, हेमंत साहू, उमा महेश वर्मा, जसमीत बन्नोआना, अमित जैन, विनय बंसल, देवेश साहू, बबिता मलागर, शिवांगी साखरे, कमल किशोर साहू, नीरा साहू, नीलमणि साहू, अशोक साहू, कचरू साहू, ईश्वर साहू, सुजाता साहू, कुलदीप साहू, बीरबल साहू, सचिव गिरेश साहू, संरक्षक वीरेंद्र साहू, मोहन साहू, शैलू साहू, अभिषेक साहू कमलेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, हेमिन साहू, कविता साहू, ओमबाई साहू, लता साहू, कामेश साहू, गणेश साहू, मनोज साहू, चितरंजन साहू आदि शामिल हुए।




HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्याः** शक्कर कारखानो को नही किया जा रहा अग्रिम भुगतान

# गन्ना उत्पादक किसानों को भुगतान का संकट, अव्यवस्था को लेकर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के गन्ना किसानों ने भुगतान में हो रही भारी देरी को लेकर गंभीर चिंता जताई है। भारतीय किसान संघ के माध्यम से किसानों ने अपनी समस्या को प्रशासन तक पहुंचाते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो 15 अप्रैल से उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में जिले के किसानों बताया कि पहले नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर उठाव से पहले ही शक्कर कारखानों को अग्रिम भुगतान कर दिया जाता था। इस व्यवस्था के चलते किसानों को उनके गन्ने का मूल्य समय पर मिल जाता था और आर्थिक गतिविधियां सुचारू रहती थीं। लेकिन पिछले कई महिनो से यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अब स्थिति यह है कि शक्कर उठाव के बाद भी भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बेचे गए गन्ने का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है।

## 50 हजार से अधिक किसान प्रभावित



भारतीय किसान संघ की माने तो कवर्धा जिले सहित प्रदेश के चार शक्कर कारखानों से जुड़े लगभग 50,000 से अधिक शेयरधारक किसान इस समस्या से प्रभावित हैं। जानकारी के अनुसार लगभग 82 करोड़ रुपए का समर्थन मूल्य का भुगतान लंबित है। करीब 50 करोड़ रुपए रिकवरी राशि का भुगतान भी अटका हुआ है। किसानो ने बताया कि जब किसान भुगतान के लिए कारखानों का रुख करते हैं, तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि नागरिक आपूर्ति निगम से राशि प्राप्त नहीं हुई है।

## धान किसानों से तुलना, भेदभाव का आरोप

किसानों का कहना है कि जहां धान खरीदी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाता है, वहीं गन्ना किसानों को महीनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उनके साथ भेदभाव होने की भावना पैदा हो रही है।

## आर्थिक संकट की स्थिति

गन्ना किसान पहले ही बढ़ती लागत, मौसम की मार और बाजार की अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में समय पर भुगतान न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और कई किसान कर्ज के दबाव में आ रहे हैं।

## सरकार के समक्ष रखी गई प्रमुख मांगें

भारतीय किसान संघ ने शासन के समक्ष किसानो की समस्याओं को रखते हुए मांग की है कि शक्कर कारखानों को पूर्व की तरह अग्रिम भुगतान व्यवस्था तत्काल लागू की जाए, लंबित भुगतान को शीघ्र जारी किया जाए

## मांगे पूरी नहीं होने पर किसानो ने दी आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो 15 अप्रैल से आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान किसान शक्कर कारखानों की घेराबंदी करेंगे और नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर उठाव को रोकने का प्रयास करेंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि इस स्थिति के लिए पूरी जिम्मेदारी नागरिक आपूर्ति निगम की होगी। माना जा रहा है कि गन्ना किसानों की यह समस्या केवल भुगतान का मुद्दा नहीं, बल्कि उनके जीवन और आजीविका से जुड़ा सवाल बन चुकी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति का समाधान कितनी जल्दी करता है।

# नहीं थम रही जंगलों में आग लगने की घटनाएं



- भोरमदेव अभ्यारण के जंगल से उठ रहा धुंआ और आग की लपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पंडरिया वनांचल से लेकर बोड़ला क्षेत्र तक लगातार जंगलों में आग भड़कने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। हालात यह हैं कि आग पर काबू पाने के वन विभाग के दावे अब खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला जिले के सबसे संरक्षित माने जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र का है, जहां जंगलों में आग लगने से धुएं के गुबार और लपटें दूर से ही दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आग पिछले कुछ समय से लगातार फैल रही है, लेकिन इसे बुझाने के लिए वन विभाग का अमला मौके पर नजर नहीं आ रहा है। इस लापरवाही के चलते आग तेजी से फैलती जा रही है और बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले रही है। जंगलों में लगने वाली आग न केवल वन्य जीवों के लिए खतरा बन रही है, बल्कि पर्यावरण संतुलन पर भी गंभीर प्रभाव डाल रही है। हर साल गर्मी के मौसम में इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद ठोस और प्रभावी रोकथाम के उपाय नजर नहीं आते। विभाग द्वारा आग पर नियंत्रण के लिए बनाए गए तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आग और विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर आग बुझाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## खबर संक्षेप

### छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश अवार्ड से सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को पद्मश्री ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के नीति आयोग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में पंजीकृत, उत्तरप्रदेश के प्रयागराज स्थित जीवन जागृति सेवा संस्थान ने प्रदान किया है। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि, सराहनीय योगदान तथा एक शिक्षक व अकादमिक लीडर के रूप में सेवा के माध्यम से छात्रों व शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए प्रदान किया गया है। ज्ञातव्य हो कि डॉ. रमेश चन्द्रवंशी छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राज्यपाल के हाथों राज्य के दो सर्वोच्च शिक्षक सम्मान एकसाथ पाने वाले प्रदेश के पहले शिक्षक हैं। उनका नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज होने के साथ ही कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किए जा चुके हैं।

### गन्ना उत्पादक किसानो को दिया गया प्रशिक्षण

**कवर्धा।** पोलन एग्रो मिनरल्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय किसान संघ, जिला कबीरधाम के सहयोग से किसानों के लिए गन्ना फसल पर एक भव्य प्रशिक्षण एवं संगोष्ठी का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें किसानो को कई महत्वपर्णू जानकारी दी गई।

# कवर्धा में दमखम का प्रदर्शन करने बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता

## 6वीं जिला डेडलिफ्ट व मिस्टर कवर्धा प्रतियोगिता सम्पन्न



- श्री राम हेल्थ क्लब जिम द्वारा रखी गई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के श्री राम हेल्थ क्लब जिम में रविवार को 6वीं जिला डेडलिफ्ट एवं "मिस्टर कवर्धा" नेचुरल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के लगभग 30 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी ताकत और फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन महिला और पुरुष दोनों वर्गों में कवर्धा पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं श्री राम हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का संचालन संघ के सचिव सूरज राजपूत और जिम संचालक राकेश वैष्णव के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय रेफरी विनोद चौबे और नास्कर टंडन के साथ नेशनल जज आसिफ अली, पियूष टंडन तथा रंजीत टंडी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार सतीश तंबोली, भाजपा नेता रवि राजपूत एवं वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद रवि सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग डेडलिफ्ट में 53 किलोग्राम वर्ग में हर्ष गुप्ता ने प्रथम एवं शुभम बघेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 66 किलोग्राम वर्ग में सूरज ठाकुर प्रथम और कृष्ण मोहन द्वितीय रहे। 74 किलोग्राम वर्ग में भावेश यादव ने पहला तथा अभिषेक तिवारी ने दूसरा स्थान हासिल किया। 93 किलोग्राम वर्ग में लकी जाट प्रथम एवं लावणी सूर्यवंशी द्वितीय रहे, जबकि 120 किलोग्राम प्लस वर्ग में अनुराग जांगड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 63 किलोग्राम वर्ग में सुप्रीत खुराना, 84 किलोग्राम वर्ग में ज्योति तथा 84 किलोग्राम प्लस वर्ग में भावना यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। नेचुरल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में जितेश मेरावी ने प्रथम, रूपम देवांगन ने द्वितीय तथा सूरज ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### प्रतियोगिता में दिए गए विशेष खिताब

प्रतियोगिता में स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ कवर्धा का खिताब स्ट्रॉन्ग वूमेन ऑफ कवर्धा का खिताब सुप्रीत खुराना को तथा मिस्टर कवर्धा नेचुरल बॉडीबिल्डिंग का खिताब जितेश मेरावी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संघ के अध्यक्ष राकेश वैष्णव, सचिव सूरज राजपूत एवं कोषाध्यक्ष ईशा सिंह राजपूत ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और युवाओं की फिटनेस के प्रति जागरूकता को दर्शाया।

# सांसद संतोष पाण्डेय ने बोड़ला क्षेत्र का किया दौरा विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने बोड़ला ब्लॉक के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सांसद संतोष पाण्डेय ने ग्राम लेंजाखार में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण किया। साथ ही शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद सांसद पांडेय ने वनांचल ग्राम मगरवाड़ा में सांसद निधि से स्वीकृत पांच लाख रुपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ भोजन किया। सांसद पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में सभी क्षेत्रों का चहुमुखी विकास हो रहा है। केंद्र व राज्य सरकार सभी वर्गों की चिंता कर रही है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। सांसद पाण्डेय ने कहा कि पहले छग के वनांचल क्षेत्र में नक्सलवाद का आतंक था। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित



शाह के ठोस व कारगर रणनीति व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद का सफाया हो गया है। अब बस्तर सहित सभी वनांचल क्षेत्र में मन, चैन की बयार बह रही है। लोग निर्भय होकर जीवन जी रहे हैं। ये भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति व जवानों की बहादुरी का परिणाम है। अब इन क्षेत्रों में तेज गति से विकास होगा। सांसद पांडेय ने ग्राम तरेगांव जंगल में भाजपा नेता मनोज नायक के निवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्राम बैजलपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय धीरज मरकाम के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों को ढांढस बंधाया। कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मंडल अध्यक्ष मोहन लाल धुर्वे, सांसद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी, कांशीराम उइके, रूप सिंह धुर्वे, लोकचंद साहू, राजेश साहू, अमित वर्मा, श्रवणगिरी गोस्वामी, मनोज नायक, टेकराम चंद्रवंशी, सुनील मानिकपुरी, कैलाश साहू, सौरभ सिंह, छोटूराम, मयाराम, क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सरपंच, अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# पूर्व सीएम आज जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 अप्रैल सोमवार को कबीरधाम जिले में एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उतरा दिवाकर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिले के प्रवास पर रहेंगे, इसी दौरान श्री बघेल का दोपहर 1:50 बजे ग्राम रवेली आगमन एवं स्व. राजा महेंद्र शाह के निवास में परिजन से भेंट-मुलाकात कर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से भेंट करेंगे। तत्पश्चात तहसील कुण्डा अंतर्गत ग्राम रूसे में दोपहर 2:15 आगमन एवं स्व.अलख राम चंद्रवंशी के निवास पर उनके परिजनों से भेंट-मुलाकात एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगें। वहीं क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात दोपहर 2:35 बजे ग्राम रापा-कुण्डा आगमन एवं सचिव जिला कांग्रेस कमेटी जितेंद्र चंद्राकर के निवास पर परिजनों से भेंट-मुलाकात व दोपहर 3.45 बजे ग्राम महली-कुण्डा आगमन एवं सदस्य जिला पंचायत एवं ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पंडरिया अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर के



निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर सायं 4:15 बजे नगर पंचायत पांडातराई आगमन एवं अमन पाटस्कर के निवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों से भेंट-मुलाकात करेंगें। वहीं सायं 5:15 बजे ग्राम खैरबना-कला ग्राम देवता जाम-चौरा प्रांगण आगमन एवं आयोजित नव-कुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस प्रवचन सत्संग कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात सायं 5:45 बजे खैरबना कला से भिलाई निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रंग लाई स्कूली छात्राओं और शिक्षकों की मेहनत



**कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरातुलसी के सर्वेश कुमार यादव 95 प्रतिशत अंक व पूजा यादव 94 प्रतिशत, पुष्पावती बंजारे 94 प्रतिशत एवं हीरो डाहिरे 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए वहीं वेदांत कुमार साहू 91 प्रतिशत अंक और अभय कुमार कोशले 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। वहीं भोरमदेव कन्या आवासीय विद्यालय में अमृता कामड़े एवं सविता कोशले का चयन हुआ। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता के पीछे शासकीय प्राथमिक शाला खैरातुलसी के शिक्षक सूर्यकांत सिंह का मार्गदर्शन अहम रहा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016-17 से अब तक यहां से 93 विद्यार्थी नवोदय में चयनित हो चुके हैं। बच्चों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बैठक में "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने विशेष मंथन

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष मंथन हुआ। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे आमजन से सीधे संवाद स्थापित करें और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं। सांगठनात्मक मजबूती को लेकर विषयवार चर्चा करते हुए पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही वर्षभर चलने वाले छह प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके। बैठक में डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती को गरिमामय एवं व्यापक रूप से मनाने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया। जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने 6 से 12 अप्रैल तक मनाए गए पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी अभियानों में भी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, कृष्ण कुमार वैष्णव, देवकुमारी चंद्रवंशी, जयराम साहू, अशोक चंद्रवंशी, जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल, दुर्गेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विक्की अग्रवाल, जिला मंत्री राघवेंद्र वर्मा, चंदन पटेल, उत्तरा साहू, अनिता ध्रुव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियानों को गति देने के साथ-साथ सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

# आईपीएल में सट्टा लिखवाते दो गिरफ्तार पंडरिया पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मेच में सत्ता लगाते दो लोगों को गिफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर थाना पंडरिया की टीम द्वारा त्वरित एवं योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर घोघरापारा क्षेत्र में दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी महेंद्र ढीमर उर्फ छोटा पिता मनोज ढीमर उम्र 25 वर्ष निवासी घोघरापारा पंडरिया एवं उसके सहयोगी नागेश्वर उर्फ सोनू राव उम्र 31 वर्ष निवासी ढोलियापारा पंडरिया को ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे टेलीग्राम चैनल के माध्यम से सट्टा लिंक प्राप्त कर मोबाइल नंबर



से आईडी बनाकर अपने बैंक खातों को लिंक करते थे तथा व्हाट्सएप चैट के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर सट्टा खिलाने का कार्य कर रहे थे। ऑनलाइन माध्यम से रकम का लेन-देन भी किया जा रहा था। थाना पंडरिया की टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 03 नग स्मार्ट मोबाइल फोन, कीमती लगभग 30,000 रुपए, जप्त किए गए हैं। साथ ही आरोपियों के बैंक अकाउंट, टेलीग्राम एवं व्हाट्सएप चैट से जुड़े तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं, जिससे इस नेटवर्क जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके। आरोपियों के विरुद्ध थाना पंडरिया में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06, 07 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## सार समाचार

### पार्थ का छत्तीसगढ़ राजकीय टीम में चयन



**राजनांदगांव।** बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 16 से 21 अप्रैल तक आयोजित सीनियर नेशनल रग्बी 7-एस चैंपियनशिप 2026 में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबाल टीम में संस्कारधानी के होनहार युवा पार्थ कुमार शर्मा का चयन किया गया है। पार्थ शुरूआत से ही पढ़ाई में मेधावी होने के साथ-साथ खेल में भी सक्रिय है। उनके चयन से उनके परिवार एवं साथियों में हर्ष व्याप्त है।

### केन्द्र सरकार मजदूरों के साथ कर रही भेदभावः वैष्णव



**राजनांदगांव।** केन्द्र व छग प्रदेश भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों पर आपत्ति जताते राष्ट्रीय ग्लुकोज स्टार्च केमिकल मजदूर संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव प्रभारी महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने विरोध करते कहा कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित नियोजन भाग एक 45 नियोजन के लिए महंगाई भत्ता 1 वर्ष में बढ़ोत्तरी किया गया। जिसमें प्रतिदिन 8 रुपए महीना 226 रुपए बढ़ोत्तरी कर मजदूरों के हक और अधिकार का हनन किया जा रहा है। मानों ऊंट के मुंह में जीरा समान है। जबकि देश एवं प्रदेश महंगाई अपनी चरम सीमा पर है। हम मांग करते हैं कि मजदूरों को उनका हक दिलाया जाए, नहीं तो आने वाले समय में राष्ट्रीय ग्लुकोज़ स्टार्च केमिकल मजदूर संघ मजदूरों के हक और अधिकार के लिए सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है।

### युगांतर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में कला विभाग द्वारा छात्रावासी विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जूनियर, मीडिल, सीनियर और गर्ल्स हॉस्टल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण तथा पृथ्वी की सुरक्षा विषय पर शानदार चित्र बनाए। इसी तरह विद्यार्थियों ने देवी-देवताओं का चित्र बनाकर अपनी धार्मिक आस्था और भक्ति को प्रकट किया। यही नहीं विद्यार्थियों ने प्राकृतिक दृश्यों के साथ-साथ प्रसिद्ध कॉमिक कैरेक्टर स्पाइडरमैन, डोरेमान और शक्तिमान के प्रभावकारी चित्र बनाकर खूब वाहवाही बटोरी। यह चित्रकला प्रतियोगिता स्वतंत्र विषय पर आधारित रही। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हॉस्टल की कार्यक्रम प्रभारी वंदना सिंह सहित स्पोर्ट्स तथा मेस विभाग, हॉस्टल वार्डन ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के उपरांत विद्यार्थियों ने फल के जूस का लुत्फ उठाया।

### गुम बालिका को खोजकर परिजनों को सौंपा

**साल्हेवारा।** आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने घर से बिना बताए गई नाबालिग बालिका को सकुशल खोजकर उनके परिजनों को सौंपा, जिस पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 8 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे इसकी नाबालिग लड़की उम्र 14 वर्ष 6 माह अपने घर ग्राम से बिना बताए अकेली निकली थी, जो घर वापस नहीं आई है। संदेह है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर व्यपहरण कर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 137(2) भा न्या स पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सूत्र सूचना के आधार पर 12 अप्रैल को केसीजी पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत मामले की गुम नाबालिग बालिका को पता तलाश कर गंडई से सकुशल बरामद किया गया। पुलिस द्वारा बालिका को उसके पिता को सुपुर्द किया गया। बालिका की मां के कमाने-खाने नागपुर चले जाने से मां की याद आने पर बालिका अपनी सहेलियों के पास घूमने छुईखदान-गंडई चली गई थी। गुम बालिका को सकुशल पाकर परिजनों के चेहरे में मुस्कान लौटी।

### प्रतिनिधि मंडल ने रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल आज छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट करने पहुंचा। इस दौरान चेंबर प्रतिनिधियों ने डॉ. रमन सिंह का कुशलक्षेम पूछा तथा राजनांदगांव शहर के वर्तमान हालात, व्यापारिक गतिविधियों एवं विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. सिंह ने चेंबर प्रतिनिधि मंडल से कहा कि "आप सभी से मिलकर राजनांदगांव की ऊर्जा और सक्रियता का अनुभव होता है।" उन्होंने चेंबर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। चेंबर प्रतिनिधियों ने भी शहर के विकास एवं व्यापारियों के हित में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### चलित प्याऊ का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** स्व. सेवाराम आहूजा की स्मृति में चेंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव एवं पूज्य सिंधु पंचायत, हेमू कालाणी नगर के सान्निध्य में चलित प्याऊ (शुद्ध पेयजल सेवा) का शुभारंभ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन समाज के प्रमुख मंशाराम मोटलानी, गुरमुखदास वाधवा, अर्जुन गंगवानी, चंदन रुचंदानी, रूपचंद भीमनानी, हरीश मोटलानी एवं अन्य गणमान्यजनों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स से अध्यक्ष कमलेश बैद, विनोद डढ्ढा, आलोक बिंदल, अरूण डुलानी, महामंत्री दीपक नवलखा, विजय जैन तथा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों द्वारा इस जनसेवा कार्य की सराहना की गई।

## निधन

### त्रिभुवन सिन्हा



**डोंगरगढ़।** करेला भंडारपुर निवासी त्रिभुवन सिन्हा का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों एवं सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### बिसौहाराम गंजीर

**राजनांदगांव।** नगर साहू संघ के सचिव एवं ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार गंजीर अधिवक्ता के पिता बिसौहाराम गंजीर का 11 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र एवं तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार को छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम खुर्सीपार नादिया में किया गया।

### बिना अनुमति लगे विज्ञापन बोर्ड स्वयं हटा लें अन्यथा होगी कार्रवाई

# नगर निगम की टीम ने शहर से हटाए विज्ञापन के 130 अवैध बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलों में लगे छोटे बैनर-पोस्टर, फ्लाई ओवर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज लखोली नाका चौक, नंदई, गंज चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन के विद्युत पोलो एवं अन्य जगह में लगे लगभग 130 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लें।



#### कार्रवाई के दिए निर्देश

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों /व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/ निजी भवनों के दीवार एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/ विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/ फ्लाई ओवर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो कि छग विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए थे, किन्तु कतिपय लोगों द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नहीं हटाया गया, जिसे निगम की टीम ने कार्रवाई करते लखोली नाका चौक, नंदई, गंज चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन के विद्युत पोलों एवं अन्य जगह में लगे लगभग 130 अवैध बोर्ड हटाया।

उन्होंने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियों/ संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित करते कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाए गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से हटा लें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते बैनर-पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जाएगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेंसी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### गलत नीतियों से देश में बढ़ रही महंगाई



**राजनांदगांव।** देश में मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज महंगाई से आम जनता त्रस्त हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ने मोदी नेतृत्व वाली केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखी आलोचना करते कहा कि ये सरकार आम जनता के जेब में डाका डाल रही है। सरकार की नीति जनता को राहत देने के बजाय आम जनता पर महंगाई का अधिक बोझ डाल रही है।

श्री पिंटू ने देश में बढ़ती महंगाई के कारणों का विस्तार से जिक्र करते कहा कि जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत सबसे कम थी, तब केंद्र की मोदी सरकार ने तेल कंपनियों का मुनाफा सुनिचित करने एवं सरकार के राजस्व आमदनी को बढ़ाने पेट्रोल पर 50 प्रतिशत एवं डीजल में 55 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाकर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर दिया था। अब लोगों के आंखों में धूल झोंकने के लिए उत्पाद शुल्क में मामूली कमी कर वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। जबकि जमीनी हकीकत पर उपभोक्ता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

### जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 की तैयारियां पूरे देश में तेजी से जारी है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 1 मई 2026 से पूरे देश में एक साथ प्रारंभ होगा। जनगणना कार्य को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है।

जनगणना 2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवास, मूलभूत सुविधाओं तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित आवश्यक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। ये आंकड़े आने वाले वर्षों में विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए आधार बनेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

## नारी शक्ति केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं बनेगी देश की सारथी

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी, हर क्षेत्र में हुई सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नारी शक्ति वंदन अधिनियम से नीति निर्धारण के क्षेत्र में महिलाओं की सशक्तिकरण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार का आभार जताने के लिए भाजपा प्रवक्ता शताब्दी पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा कि नारी शक्ति शक्ति अधिनियम 2023 साबित करता है कि देश की नारियां केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि देश की सारथी भी बनेगी।

उन्होंने कहा कि नीति निर्धारण में राजनीतिक दृष्टि से जब महिला नेतृत्व 33 प्रतिशत मिलेगा तो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का सशक्त योगदान होगा। उन्होंने कहा कि यह एक सार्थक कदम है। जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि हर क्षेत्र में नारी सशक्त हो गई है। आर्थिक दृष्टि से भी महिलाएं देश में सक्षम हुई है। आज 3 करोड़ से अधिक लखपति दीदियां बनी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से अब पॉलिसी मेकिंग में भी महिलाओं को 14 प्रतिशत की भागीदारी को बढ़ाकर 33 प्रतिशत कर दिया गया है। यह देश में नारी सम्मान के लिए बड़ा बदलाव है।

#### देश की आधी आबादी के अधिकार का अधिनियम

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधाई प्रावधान नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका अधिकार और सम्मान दिलाने का अधिनियम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंजू त्रिपाठी, डॉ. रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, मिथलेश्वरी वैष्णव, देवकुमारी सहित भाजपा महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## दुष्कर्म मामले में तीन माह 3 दिन के भीतर फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुष्कर्म के एक मामले में प्रधान जिला एवं विशेष सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने अहम फैसला सुनाते हुए ग्राम तिरगा जिला दुर्ग निवासी दामेश्वर निषाद को 3 माह 3 दिवस के भीतर संदेह का लाभ देते हुए बईज्जत दोष मुक्त किए जाने का आदेश दिया है।

आरोपी के ऊपर पीड़िता द्वारा दो दिनों तक शारीरिक सम्बन्ध शादी का प्रलोभन देकर स्थापित किए जाने का आरोप लगाया गया था। जिसके आधार पर थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध दर्ज किया गया था और बीते 6 जनवरी को आरोपी की गिरफ्तारी की गई, जहां पर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। उपरोक्त प्रकरण में 20 जनवरी को सत्र न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया, जिस पर अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता मौलेश तिवारी ने जमानत आवेदन बीते 26 फरवरी को पत्र प्रस्तुत किया और 27 फरवरी को आरोपी को जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश पारित किया गया। मामले की विवेचना कर 19 व्यक्तियों को अभियोजन साक्षी बनाया गया था। उपरोक्त प्रकरण में पीड़िता सहित अन्य अभियोजन साक्षियों का अभिकथन सत्र न्यायालय में हुआ। जिसमें व्यापक विरोधाभाष एवं एकरूपता का आभाव आने की वजह से तथा पीड़िता द्वारा स्वयं आरोपित अभिकथन से परे हो जाने की वजह से आरोपी डामेश्वर निषाद को संदेह का लाभ देते हुए विजय कुमार होता प्रधान सत्र न्यायाधीश एवं विशेष सत्र न्यायाधीश एक्ट्रोसिटी एक्ट के द्वारा 9 अप्रैल को सारगर्भित विधिक तथ्यों के तहत आदेश पारित करते हुए आरोपी को दोष मुक्त किए जाने का आदेश पारित किया गया।

## कलना विस क्षेत्र में भाजपा का प्रचार तेज, विक्रांत के नेतृत्व में टीम सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



पश्चिम बंगाल के कलना विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी अभियान को तेज कर दिया है। प्रभारी विक्रांत सिंह के नेतृत्व में जिला भाजपा की टीम ने विभिन्न मंडलों में पहुंचकर पार्टी के पक्ष में व्यापक प्रचार-प्रसार किया।

प्रचार के दौरान भाजपा नेताओं ने आम जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की रीति-नीति और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को भी जनता के सामने रखा और भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन होगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

इस अभियान में जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश समिति सदस्य घम्मन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा और पांडादाह मंडल अध्यक्ष गोरे लाल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे, जो लगातार कलना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है।

## 18 को निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 18 अप्रैल को शहर में भव्य ब्रह्मगर्जना वृहत बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके लिए रामायण प्रचारक समिति परिसर में शनिवार शाम बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में रैली के रूट और आयोजन की रूपरेखा तय की गई। आयोजन ब्राह्मण नवयुवक मंडल द्वारा किया जा रहा है। बैठक में रैली की व्यवस्था, सुरक्षा और अनुशासन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सभी जिम्मेदारियां अलग-अलग सदस्यों को सौंपी गई है, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। आयोजकों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बाइक रैली 18 अप्रैल को शाम 5 बजे रामायण प्रचारक समिति ब्राह्मणपारा से प्रारंभ होगी। रैली गांधी चौक, दिग्विजय चौक, दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना चौक, सदर लाइन, भारत माता चौक, गंज चौक, लोहारपारा, कालीमाई मंदिर चौक, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, कामठी लाइन, शनि मंदिर, गायत्री मंदिर चौक, भगत सिंह चौक, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक होते हुए पुनः गांधी चौक में समाप्त होगी।

आयोजकों ने बताया कि रैली के बाद पूजा-अर्चना और प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में पीलू शर्मा, आलोक तिवारी, अनीश तिवारी, चंद्र प्रकाश तिवारी, अखिल चौबे, कौशल शर्मा, महेंद्र शुक्ला, जुगल अटिका, गौरव पंचोली, नितिन शुक्ला, शिवांशु तिवारी, राहुल मिश्रा, मिनेश मिश्रा, बोधन शुक्ला, सौरभ तिवारी, जयकिशन शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, अशोक तिवारी, वैभव शुक्ला, सागर तिवारी और प्रतीक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर यादव ने गतिविधियों का किया अवलोकन

# सिंघोला बनेगा पहला लखपति ग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को ग्राम सिंघोला को शत-प्रतिशत लखपति ग्राम की श्रेणी में शामिल करने के संबंध में ग्राम सिंघोला की लखपति दीदीयों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित रही।

कलेक्टर ने लखपति दीदीयों से उनकी आजीविका मूलक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा आवश्यकतानुसार आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि करने सुझाव दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत की 70 से अधिक लखपति दीदीयों से संवाद किया तथा उनके भविष्य की योजनाओं को मूर्त रूप देने सुझाव दिए। उन्होंने लखपति दीदी लाया साहू की इलेक्ट्रिक दुकान एवं अनीता साहू की प्लास्टिक बोरी सिलाई इकाई का भ्रमण कर उन्हें प्रोत्साहित किया।



#### दीदीयों का किया सम्मान

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत की दीदियों को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, महतारी भवन सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सहायता करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम की 5 लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

#### गांव में 31 महिला समूह

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत देश की 3 करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य में अपनी भागीदारी निभाते राजनांदगांव जिले की 39771 लखपति दीदी ने विभिन्न गतिविधि के माध्यम से विविध आय के स्त्रोत तैयार कर लिया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिंघोला में सभी 31 महिला स्वयं सहायता समूह की 318 समूह सदस्यों ने विभिन्न आय मूलक गतिविधि से जोड़ते लखपति दीदी ग्राम बनने की ओर अग्रसर हुए है। जिससे बहुत जल्द ही ग्राम पंचायत सिंघोला शत-प्रतिशत लखपति ग्राम की श्रेणी में दर्ज किया जा सकेगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, जनपद सदस्य खुशबू साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### प्रतीक साहू का पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा के पूर्व सरपंच महेश्वर साहू के सुपुत्र प्रतीक साहू का जवाहर नवोदय में चयन हुआ है,छात्र प्रतीक साहू कक्षा पांचवीं के नवोदय चयन परीक्षा-2026 में 88.75 प्रतिशत अंक लेकर चयनित हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर मेघावी छात्र प्रतीक साहू को जिला भाजपा कार्यकारणी सदस्य रामस्वरूप साहू, ईश्वरी साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, पूर्व सरपंच महेश्वर साहू, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, बाबूलाल रजक, वागीश चंद्राकर, सूरज यादव, पंच चैतन्य सोनी, रमेश सारथी, दुष्यंत साहू, देवेश साहू, मुकेश साहू, योगेश साहू, गुलशन, शशांक शर्मा, मोनू विश्वकर्मा, रोहित सारथी, नंदू साहू, राजू साहू, रमेश साहू, भागवत साहू, रत्नाकर निर्मलकर सहित परिजनों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### अंगना में शिक्षा-पढ़ाई तिहार की धूम, स्मार्ट माताओं को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम नाऊडीह स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ाई तिहार नौनिहाल बच्चों और माताओं के साथ मनाई गई और माताओं को सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि प्रथम पाठशाला परिवार ही को कहते हैं, इसलिए परिवार में ही नौनिहाल बच्चों को जन्म से ही पालन-पोषण व देखभाल करना, बोलना-भाषा-शैली, खेल-कूद, लिखना-पढ़ना, जोड़, घटाव, गुणा व भाग नाम-गांव तथा अक्षर-ज्ञान एवं माता-पिता, भाई-बहन, नाना-नानी, दादा-दादी का पहचान परिवार में ही रिश्ता संबंध का सीख मिलती है। इसलिए समाजशास्त्री अरस्तू ने परिवार को प्रथम पाठशाला कहते हैं क्योंकि माता-पिता और परिवार प्रथम गुरु माना जाता है, कहने का मतलब परिवार में ही अपने ही बच्चों को अक्षर ज्ञान की शिक्षा दे शासकीय प्राथमिक नाऊडीह के प्रधान पाठिका मनीषा ठाकुर एवं शिक्षक कोमल साहू तथा बड़ी संख्या में नौनिहाल बच्चे और माताएं उपस्थित थें।

### गांव चलो-बस्ती चलो का अभियान व सरकार की योजनाओं की विस्तार से बताया: विक्की अग्रवाल



**हरिभूमि बिजई।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा पिपरिया मंडल के ग्राम रवेली में गांव चलो बस्ती चलो अभियान में प्रभारी के रूप में विक्की अग्रवाल भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शामिल हुए, जिसमें सर्व प्रथम चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही साथ में रवेली को नवीन महाविद्यालय और महतारी सदन साथ जैसे बड़ी सौगात भी मिली इसकी भी जानकारी आम जनता को बताया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर कार्यकर्ता के घर जाकर पार्टी का झंडा लगाया गया वहीं वरिष्ट कार्यकर्ता का सम्मान जिसमे ओंकार पाठक, डॉ जनकु साहू, व अश्वनी श्रीवास्तव द्वारा शनिदेव मंदिर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही गणमान्य जनों से संपर्क कर केंद्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण लोक-कल्याणकारी योजनाओं को बताया गया एवं लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस दौरान विक्की अग्रवाल, राजेश्वर साहू, दिलीप चंद्रवंशी, डॉ शिवारे, दिलीप साहू, रूपेश झारिया, चंद्रकुमार साहू, जयसिंह ध्रुर्वे, रामवतार ठाकुर, फागुराम साहू, भागवत साहू, संजय कुमार, सुनील चतुर्वेदी, चेतराम, गंगूराम साहू सहित बूथ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शक्ति केंद्र प्रभारी विकास पाण्डेय ने कोलेगांव में चलाया गांव बस्ती चलो अभियान



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा के 47 वां स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक पूरे प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र कोलेगांव में शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व सासंद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय एवं सह प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा परमेश्वर साहू ग्राम प्रभारी कृष्णा साहू के नेतृत्व गांव बस्ती चलो अभियान चलाया। जिस पर प्रभारी विकास पाण्डेय एवं सह प्रभारी परमेश्वर साहू ग्राम प्रभारी कृष्णा साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम कोलेगांव में गांव बस्ती चलो अभियान के तहत ग्रामीणजन से आत्मीय मुलाकात कर प्रबुद्धजनों का सम्मान किया एवं केंद्र की मोदी सरकार राज्य की सरकार जन-कल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से अवगत कराया एवं क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर रामधार शर्मा, संतोष साहू, विखलेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### कवर्धा में भाजयुमो का युवा संपर्क अभियान, आर्मी ग्रुप के युवाओं से किया संवाद



**कवर्धा।** कवर्धा। भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत युवा संपर्क अभियान के तहत आज कवर्धा में आर्मी ग्रुप के युवा अभ्यर्थियों के साथ भेंट-मुलाकात एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देश पर तथा भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया एवं जिला अध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान 06 से 12 अप्रैल तक चलाया जा रहा है, कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो महामंत्री द्वय अमित चन्द्रवंशी एवं थानेश्वर जायसवाल ने उपस्थित युवाओं से संवाद स्थापित करते हुए केंद्र एवं राज्य की ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा युवाओं के हित में चलाई जा रही, जिसमें विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसमें इंटर्नशिप योजना, स्किल डेवलपमेंट, छात्राओं के लिए हॉस्टल निर्माण, नालंदा लाइब्रेरी, अग्निवीर योजना, सब इंस्पेक्टर भर्ती, कांस्टेबल भर्ती एवं वनरक्षक भर्ती जैसी योजनाएं प्रमुख रहीं। युवा साथियों को प्रेरित करते हुए उन्हें कॉपी एवं पेन भेंटकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई। इस अवसर पर राजकुमार नेताम, रविशंकर चन्द्रवंशी, यशवंत श्रीवास, तुषार चन्द्रवंशी, उमेश्वर साहु सहित आर्मी ग्रुप के कोच एवं लगभग 50 से 60 युवा साथी उपस्थित थें।

# गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले: स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा



ग्राम बिरनपुर कला में आयोजित गौ प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौमाता केवल पशु नहीं, बल्कि समस्त विश्व की माता हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार से गौमाता को राज्य माता घोषित कर उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस व्यवस्था करने की अपील की। स्वामी ने कहा कि गौ-दान करने से महान पुण्य की प्राप्ति होती है और गौ-सेवा से सभी देवी-देवताओं तथा तीर्थों के पूजन का फल मिलता है। उन्होंने सभी लोगों से गौसेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

प्रवचन के दौरान उन्होंने पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि पितरों और स्वधा से उत्पन्न मैना, कलावती और धन्या को सनकादि ऋषियों के श्राप कारण मानव रूप में जन्म लेना पड़ा, लेकिन इसी विपत्ति के कारण वे जगत में प्रसिद्ध हुई। धन्या राजा जनक की पत्नी बनकर माता सीता की जननी बनीं, कलावती वृषभानु की पत्नी बनकर राधा की माता बनीं और मैना हिमाचल की पत्नी बनकर माता पार्वती की जननी बनीं। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने विवाह का वरदान दिया। शिव-पार्वती विवाह का पावन प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। स्वामी श्री ने कामदेव प्रसंग का भी उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान शिव की तपस्या भंग करने के प्रयास में कामदेव भस्म हो गए थे, लेकिन रति की प्रार्थना पर उन्हें पुनः जीवन का वरदान मिला और भविष्य में भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में जन्म लेने का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## एक्शन: कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

# जिले में सूखे नशे पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 9 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कबीरधाम पुलिस ने एक बार फिर प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुए 9 किलो 308 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर ग्राम भागुटोला क्षेत्र में घेराबंदी कर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी त्रिलोचन सिंह राजपूत आयु 49 वर्ष को मौके से पकड़ते हुए उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। विधिसम्मत जांच एवं कार्रवाई के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान त्रिलोचन सिंह राजपूत ने गांजा की आपूर्ति चित्रकांत साहू 35 वर्ष ने निवासी ग्राम कांपा द्वारा किए जाने की जानकारी दी। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने दूसरे आरोपी चित्रकांत साहू को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 148/2026 के तहत धारा 20 (ख) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विस्तृत विवेचना की जा रही है।

#### नशे के खिलाफ लगातार सख्त अभियान जारी




उल्लेखनीय है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा बीते कुछ समय से मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कई मामलों में बड़ी मात्रा में गांजा जब्ती एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

## पेंड्रीकला-रापा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ 14 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

कुण्डा क्षेत्रांतर्गत मां गायत्री मंदिर के समीपस्थ पेंड्रीकला-रापा में 14 से 17 अप्रैल तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनिया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में निहित है, इस यज्ञ के माध्यम से मानवता के कल्याण और राष्ट्र शौर्य समृद्धि का भव्य आयोजन निश्चित हुआ है। यह 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप के शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 14 अप्रैल मंगलवार को भव्य मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल को यज्ञ एवं संस्कार पूर्णाहुति, टोली-विदाई के माध्यम से पूर्ण होगी। जिसमें क्षेत्र एवं दुरांचल से आए हुए आवश्यकता धारी बच्चों का पुंसवन संस्कार नामकरण अन्नप्राशन मुंडन विद्यारंभ गुरुदीक्षा यज्ञों के बीच विवाह आदि की प्रक्रिया निःशुल्क की जाएगी, इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कबीरधाम के साथ ही साथ गायत्री शक्तिपीठ कवर्धा एवं गायत्री प्रज्ञापीठ पेंड्रीकला मे होगी। जिसमें कार्यक्रम के प्रचार प्रसार रामावतार चंद्राकर, कुमार चंद्राकर, देवी चंद्राकर, कलीराम चंद्राकर, सुधाराम साहू साथ ही साथ गायत्री परिवार के समस्त सदस्यगण एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यगण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए सेवा दे रहे हैं। जिस पर आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को इस 24 कुंडीय कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने जीवन को धन्य बनाने अपील की गई।



## ब्राह्मण समाज का आवश्यक कार्यकारिणी बैठक संपन्न



- 18 व 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले व्रतबंध (उपनयन संस्कार) तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ब्राह्मण समाज कवर्धा की कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक स्थानीय छप्पन भोग रेस्टोरेंट में अध्यक्ष मनीष बंटी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले व्रतबंध (उपनयन संस्कार) कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र विप्र परिवारों तक पहुंचाए जाएंगे तथा अधिक से अधिक संख्या में बटुकों को व्रतबंध (जनेऊ) संस्कार के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही सांसद निधि से निर्मित भवन (कक्ष) के लोकार्पण की भी योजना पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी, महिला अध्यक्ष मधु तिवारी, युवा अध्यक्ष डॉ आनंद मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुद्धु तिवारी, बिसाहू प्रसाद पांडेय, आनंद मिश्रा, किर्ता तिवारी, बिन्नू तिवारी, प्रभाकर शुक्ला, राजेश पांडेय, टीपी दुबे, मेदिनी शंकर चौबे, नंद कुमार शर्मा, हरि शुक्ला, दीपक तिवारी, संतोष शुक्ला, भावेश मिश्रा, कीर्तन शुक्ला, उमेश पाठक, प्राची शुक्ला सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित थें।

### कन्नौज रजक समाज का सेन्हाभाठा में आम-सभा आयोजित सर्व सहमति से नव-निर्वाचित पदाधिकारी का चुनाव संपन्न



**हरिभूमि कुण्डा।** कन्नौज रजक समाज सेवा समिति पंडरिया परिक्षेत्र जिला कबीरधाम का 52 गांव का तीन वर्ष के लिए पदाधिकारियों नव-निर्वाचन गत दिनों 10 अप्रैल को शिव मंदिर प्रांगण सेन्हाभाठा में आम सभा बैठक के आयोजन में सर्व सहमति से निर्णायक समिति के द्वारा पदाधिकारियों का निर्वाचन पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शिव निर्मलकर, जिला संरक्षक महाजन प्रसाद निर्मलकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक निर्मलकर, जिला सचिव शिवकुमार रजक, जिला उपाध्यक्ष भिखारी निर्मलकर, जिला सह-सचिव शिवकुमार, परिक्षेत्र अध्यक्ष कुमार रजक, कार्यकारी परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश निर्मलकर, परिक्षेत्र संरक्षक रामकृष्ण निर्मलकर, परिक्षेत्र सचिव डॉ राधेलाल निर्मलकर, परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष रामश्रय निर्मलकर, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष नरेश निर्मलकर, ऋषिराम रजक, परिक्षेत्र सह-सचिव सुखचैन निर्मलकर, परिक्षेत्र सह-कोषाध्यक्ष मंगल निर्मलकर, मंदिर समिति अध्यक्ष रामनिहोरा बरेठ, सचिव डॉ भरतलाल निर्मलकर, कोषाध्यक्ष देवचरण निर्मलकर, उपाध्यक्ष देवनाथ निर्मलकर, सह-सचिव राजकुमार डबरी को सर्व सहमति से निर्णायक समिति के द्वारा पदाधिकारी निर्वाचित किया गया। इस आम सभा बैठक निर्वाचन में सभापति के रूप में मुंगेली जिला अध्यक्ष मुन्नालाल निर्मलकर ने किया।

# सुतियापाट जलाशय परियोजना का भूमिपूजन, 17 गांवों के किसानों को मिलेगी सिंचाई की बड़ी सुविधा





- आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार रुपए की लागत से सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना का विधिवत भूमिपूजन किया। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र के 17 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी होती नजर आ रही है।

परियोजना के अंतर्गत बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे लगभग 2916 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। बाजगुड़ा, खैरबना, दैहानडीह, पटपर, डोंगरिया, जमुनिया, रणजीतपुर, रणवीरपुर, सिंगारपुर, नवघटा, बीरेंद्रनगर सहित कई गांवों के किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसानों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस योजना के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

#### जेसीबी चलाकर विधायक ने किया सुतियापाट नहर विस्तार कार्य का शुभारंभ

सुतियापाट जलाशय परियोजना के तहत नहर विस्तार कार्य का शुभारंभ एक अनोखे अंदाज में हुआ, जब विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने स्वयं जेसीबी मशीन चलाकर भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत की। इस दौरान उपस्थित जनसमूह में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने तालियों के साथ इस पहल का स्वागत किया। बताया जा रहा है कि यह नहर विस्तार कार्य क्षेत्र के किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा, जिससे खेतों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त जल पहुंच सकेगा। विधायक द्वारा स्वयं मशीन संचालित कर कार्य प्रारंभ करना किसानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता कितनी अधिक है।

#### संघर्ष और जनसहयोग से मिली बड़ी सफलता

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस परियोजना के लिए वर्ष 2020 से पहले लगातार संघर्ष किया गया। किसानों के साथ मिलकर ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और पैदल यात्राओं के माध्यम से आंदोलन चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज यह योजना धरातल पर उतर रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है और कई कार्यों पर तेजी से अमल भी शुरू हो गया है।

#### कृषि समृद्धि और जल संकट से राहत की उम्मीद, किसानों की आय बढ़ेगी

विधायक ने कहा कि यह परियोजना केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, रोजगार के अवसरों के सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी। इसके पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संचय क्षमता बढ़ेगी और किसानों को बारहमासी सिंचाई सुविधा मिल सकेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

